गोविन्द बनाम रामपाल व अन्य

अपील / एल.आर. 75 / नं0 / 03 / 2016

तारीख हुक्म	हुक्म व कार्यवाही मय इनिशियल्स जज 2015 / 00081 श्री शिव प्रकाश चौधरी अधि. रे.सं.–1 अपी0 अधि0–श्री शान्ति प्रकाश ओझा श्री एस के सेठी अधि. रे.सं. 2	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
10.11.2020	अपीलार्थी के अभिभाषक द्वारा प्रस्तुत शीघ्र सुनवाई प्रार्थना पत्र के आधार पत्रावली आज पेश हुई। पत्रावली वास्ते रेकार्ड तलबी हेतु दिनांक 24.11.2020 को नियत है। प्रत्यर्थी संख्या 01 को प्रार्थना पत्र की प्रति दिलाई गई। अपीलार्थी अभिभाषक को सर्वप्रथम उनके द्वारा आज दिनांक 10.11.2020 को प्रस्तुत शीघ्र सुनवाई प्रार्थना पत्र पर सुना गया। अपीलार्थी अभिभाषक का कथन है कि प्रार्थी / अपीलार्थी के द्वारा दिनांक 26.10.2020 को विड्रो प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर दिया गया था किन्तु उक्त प्रार्थना पत्र कोई सुनवाई नही होकर प्रकरण मे तारीख पेशी लम्बी नियत कर दी गई है। न्यायहित मे प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत विड्रो प्रार्थना पत्र पर सुनवाई हेतु प्रकरण को आज ही तलब किया जाकर सुनवाई किया जाना आवश्यक है। अतः प्रार्थी / अपीलार्थी का शीघ्र सुनवाई प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर प्रार्थना पत्र विड्रो पर आदेश प्रदान किया जावें। प्रार्थी / अपीलार्थी को अपील विड्रो किये जाने के प्रार्थना पत्र दिनांकित 26.10.2020 पर सुना गया। अपीलार्थी अभिभाषक द्वारा निवेदन किया गया कि प्रस्तुत अपील मे अपील से संबंधित विवादित आराजी खसरा नम्बर 742 बाबत पक्षकारो के मध्य समझौता हो गया है जिसके कारण अपील को अब आगे चलाये जाने का कोई औचित्य नही रह गया है। अतः पक्षकारो के मध्य समझौता हो जाने के कारण अपील को विड्रो किया जाना न्यायोचित है। अन्त मे उनके द्वारा निवेदन किया गया कि प्रार्थी / अपीलार्थी के प्रार्थना पत्र स्वीकार किये जाकर अपील को विड्रो किये जाने के आदेश प्रदान किये जावें। अतः न्यायहित में अपीलार्थी / प्रार्थी अभिभाषक का प्रार्थना पत्र (1)शीघ्र सुनवाई दिनांकित 10.11.2020 व (2) अपील विड्रो किये जाने का प्रार्थना पत्र दिनांकित 26.10.2020 को न्यायहित मे स्वीकार किया जाकर अपील अपीलार्थी अब आगे नही चलाये जाने के कारण विड्रो किये जाने के आधार पर अपील अपीलार्थी खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो तथा बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। संभागीय आयुक्त अजमेर	

Signature Not Verified

Digitally signed by Veena Pradhan
Date: 2021.01.06 11:57:11 IST
Reason: SelfAttested